भूतपूर्व शरणार्थी और प्रवासी परिवारों के लिए घर पर पढ़ने-लिखने के बारे में मुख्य संदेश

- सत्र 2 में बच्चों और युवा लोगों के लिए घर से पढ़ने और सीखने की शुरुआत हो गई है।

- ज्यादातर स्कूलों ने पहले से ही दूरस्थ शिक्षा (बिना स्कूत जाए पढाई) प्रदान करने के लिए इंतजाम कर लिए हैं और उन्होंने आपको यह बताने के लिए संपर्क किया होगा कि वे घर पर ही आपके बच्चे को किस तरह शिक्षा प्रदान करेंगे और उसमें कैसे सहायता करेंगे।

- आपके बच्चे के अध्यापक के पास घर पर पढ़ाई करने के लिए एक योजना होगी - आपसे अध्यापक की जगह लेने की उम्मीद नहीं की जा रही है। याद रखें कि अध्यापकगण भी घर से काम करने के बारे में सीख रहे हैं और उन्हे अपनी दिनचर्या और परिवार का प्रबंध भी करना होगा।

- अगर हम चेतावनी स्तर 3 पर हैं, तो कृपया अपने बच्चों को घर पर ही पढ़ाते रहें, जब तक आपके बुलबुले (विस्तृत परिवार) में ऐसा कोई न हो जो आपके काम पर जाने की जरूरत होने पर उनकी देखभाल कर सके।

- अगर आपकी कोई समस्या हो या घर पर अपने बच्चे की पढ़ाई के बारे में चिंतित हों, तो आपको सबसे पहले अपने बच्चे के स्कूल से संपर्क करना चाहिए। अगर आपको अपने बच्चे के स्कूल से संपर्क करने में कठिनाई हो और अध्यापक ने आपसे संपर्क नहीं किया है, तो कृपया अपने निकटतम शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय से संपर्क करें।

घर पर देखभाल में सहारा देना

हालांकि आप इस समय के दौरान अपने बच्चे की पढ़ाई के बारे में चिंतित हो सकते हैं, हम यह भी चाहेंगे कि आप अपने और अपने परिवार की भलाई के बारे में भी ध्यान दें।

आपकी भलाई में सहायता के लिए कुछ उपयोगी सुझाव

- शांत रहें और अपने आपको और अपने बच्चों को आश्वस्त करें कि इन असामान्य परिस्थितियों में हम हर संभव बढ़िया से बढ़िया कोशिश कर रहे हैं।
- अध्ययन हर भाषा में होता है। अगर आपकी घर की भाषा अंग्रेजी के अलावा कोई दूसरी भाषा है, तो अपने बच्चे के साथ बातचीत करते समय उस भाषा का उपयोग करें। आप प्रदान की गई गतिविधियों के बारे में बात करने के लिए अपनी होम लैंग्वेज (मातृभाषा) का उपयोग कर सकते हैं और गतिविधि को अंग्रेजी में (या आपकी मातृभाषा में) पूरा किया जा सकता है।
- उन चीजों पर ध्यान दें जो आप खुद को स्वस्थ, खुश और सक्रिय बनाए रखने के लिए कर सकते हैं जैसे कि, साफ-सफाई बनाए रखना, घर के पिछवाड़े में दौड़ लगाना, कूदना, नाचना और बागवानी करना।
- एक साथ मिलकर गतिविधियां करें - पहेली (पज़ल) सुलझाएं, अपने बच्चे को पढ़ते हुए सुनें, साथ मिलकर भोजन पकायें, और दोस्तों तथा परिवारों के साथ ऑनलाइन सम्पर्क बनाएं।
- बातचीत करना सीखने का एक बहुत ही मूल्यवान तरीका है। आप जिन गतिविधियों में भाग ले रहे हैं उनके बारे में अपने बच्चे के साथ बात करें; उन्हें बताएं कि आप कोई भी काम एक विशेष तरीके से क्यों करते हैं; उन्हें सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करें। अगर आपको उनके सवालों का जवाब नहीं पता, तो एक साथ मिलकर जवाब ढूंढे।

- एक से दूसरे दिन - अपने समय को अलग-अलग गतिविधियों में बांटे और दिनचर्या स्थापित करें। अपने बच्चों को नए विचार बताने के लिए प्रोत्साहित करें। उनके लिए सीखने की अलग-अलग गतिविधियाँ प्रयोग करने के मौके शामिल करें। इनमें स्कूल से भेजी गई, उनके मनोरंजन वाली, या वे गतिविधियां हो सकती हैं जिन्हें आप एक साथ तय करते हैं और जिन्हें घर पर करना अच्छा रहेगा। अगर आपके बच्चे अभिभूत से लगें तो उन पर ज्यादा दबाव मत डालें।
- संदेह होने पर अपने स्कूल/अध्यापक, अन्य परिवारों और मित्रों तथा अपने परिवार के सहायक से समझाने के लिए कहें।

घर पर पढ़ाई में सहायता करना

आपके स्कूल द्वारा तैयार किए गए डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम (दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम) के अलावा भी घर से सीखने के कई विकल्प हैं।

- टेलीविजन चैनल
  15 अप्रैल से, आप घर में होम लर्निंग | Papa Kāinga टीवी चैनल का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो अर्ली लर्नर्स (प्रारंभिक छात्रों) और 1 से 10 वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूली दिनों पर 9 से 3 बजे तक शिक्षा प्रसारण करेगा।

- होम लर्निंग | Papa Kāinga टीवी TVNZ चैनल 2 + 1 पर और TVNZ ऑन डिमांड, के साथ-साथ स्काई चैनल 502 पर मुफ्त प्रसारण उपलब्ध है।

  सामग्री को आयु सीमा के अनुसार प्रारंभिक छात्रों और बड़े छात्रों के समूहों में बांटा गया है। इसमें नाटक, साक्षरता, गणित, विज्ञान, ते रेओ माओरी, और शारीरिक शिक्षा और देखभाल शामिल हैं। सामग्री को अनुभवी अध्यापकों, प्रस्तुतकर्ताओं और कल्याण एवं गतिविधि पेशेवरों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

- ऑनलाइन संसाधन: https://learningfromhome.govt.nz/
  इस वेबसाइट पर माता पिता और परिवारों, प्रारंभिक अध्ययन से लेकर सीनियर हाई स्कूल के अध्यापकों और नेताओं के लिए संसाधन उपलब्ध हैं। अपने अध्यापक से बात करें कि आपके बच्चे के लिए कौन से संसाधन उपयुक्त हैं।

- हार्ड कॉपी लर्निंग पैक्स (अध्ययन के पेपर पैकेट)
  सभी छात्रों को होम लर्निंग पैक नहीं भेजे जाएंगे। आपके बच्चे के लिए सीखने के प्रासंगिक कार्यक्रम के आधार पर, आपको पढ़ाई कराने में सहायता के लिए सीखने की सामग्री की पेपर प्रतियां प्राप्त हो सकती हैं, जिन्हें आपके घर पर पहुंचाया जाएगा। आपके अध्यापक आपको सलाह देगें कि सामग्री का उपयोग कैसे किया जाए।

- इंटरनेट और उपकरण
  अगर आपके दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अतिरिक्त उपकरणों और इंटरनेट कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, तो आपका स्कूल आपके संपर्क में रहेगा। अगर आप सुनिश्चित नहीं हैं कि आपके बच्चे को अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (उपकरण) की जरूरत है या नहीं, तो कृपया अपने स्कूल से संपर्क करें।